भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1432

(दिनांक 31.07.2024 को उत्तर के लिए)

'रोज़गार मेले'

1432. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकरः

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार, विशेष रूप से दादरा और नगर हवेली और दमण और दीव में आयोजित 'रोज़गार मेलों' के अंतर्गत युवाओं की संख्या और उन्हें रोजगार प्रदान करने वाले प्रमुख क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है;

(ख) निकट भविष्य में आयोजित किए जाने वाले ऐसे प्रस्तावित मेलों और रोजगार प्रदान किए जाने वाले अपेक्षित युवाओं की संख्या क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास दादरा और नगर हवेली, दमण और दीव के किसी भी क्षेत्र में कहीं भी ऐसे मेले आयोजित करने का कोई प्रस्ताव/योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (ख) : 'रोज़गार मेला' युवाओं के लिए रोजगार सृजन को उच्चतम प्राथमिकता प्रदान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में उठाए गए कदमों में से एक है।

रोजगार मेला कार्यक्रम, दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव सहित पूरे देश में आयोजित किए गए हैं। नव नियुक्तों को स्वास्थ्य और शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैकों आदि सहित विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों/केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों(सीपीएसयू)/स्वायत्तशासी निकायों में नियुक्त किया जाता है। विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में रिक्त पदों को भरना, एक सतत प्रक्रिया है। सभी रिक्त पदों को मिशन मोड में भरा जा रहा है।

संबंधित मंत्रालयों/विभागों/संगठनों/राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों आदि द्वारा की गई नियुक्तियों के विवरण का रखरखाव किया जाता है।

(ग) से (घ) : वर्तमान में, दादरा और नगर हवेली, दमण और दीव में कोई रोजगार मेला आयोजित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

****